# सम्मेलनों में खाली पड़ी कुर्सियां उड़ा रही हैं होश

## दोहरी चुनौती: एक तरफ मतदाताओं की खामोशी नहीं टूट रही, दूसरी तरफ कार्यकर्ताओं की उदासी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रत्याशियों की जान हलक में अटकी हुई है, लेकिन जाने क्या वजह है कि हर चुनाव में जीजान से पसीना बहाने वाले कार्यकर्ता इस बार रूठे-रूठे घूम रहे हैं। सिर्फ उतना कर रहे हैं, जितने से उनकी गर्दन बची रहे। दो चरणों के चुनाव में मतदान कम रहने के बाद प्रत्याशी कार्यकर्ताओं में जोश पैदा करने के लिए सम्मेलन पर सम्मेलन बुलाए जा रहे हैं लेकिन उनमें भी भीड़ जुटाना भारी पड़ रहा है।

राजनीतिक दल कहने को अपनी तरफ से धुआंधार प्रचार कर रहे हैं लेकिन एक तरफ मतदाताओं की खामोशी नहीं टूट रही है तो दूसरी तरफ खुद उनके कार्यकर्ता पटरी पर आने को तैयार नहीं हैं। अलग-अलग जातियों और वर्गों के मतदाताओं को साधने के लिए सम्मेलन बुलाए जा रहे हैं लेकिन इन सम्मेलनों का अंजाम भी नहीं खास उम्मीद पैदा नहीं कर रहा है।

अब तक हुए ज्यादातर सम्मेलनों में उम्मीद से आधी भी भीड़ न जुटने की वजह से प्रत्याशियों के खेमों की मायूसी और गहरी होती जा रही है।

करीब पांच सौ लोगों की बैठने की क्षमता वाले शहर के जिस हॉल में इस चुनाव के दौरान सबसे ज्यादा चुनावी सम्मेलन हुए हैं, वह अब तक एक बार भी पूरा नहीं भर पाया है। सम्मेलन के दौरान खाली कुर्सियां आयोजकों को मुंह चिढ़ाती रहती हैं लेकिन मजबूरी यह है कि चुनाव के दौर वे कोई प्रतिक्रिया भी व्यक्त नहीं कर पा रहे हैं।

पिछले दिनों इस हॉल में बिरादरी का सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें उस समाज के लोग नहीं पहुंचे तो कई दूसरी जातियों के लोगों को भी बैठा लिया गया लेकिन फिर भी हॉल में तमाम कुर्सियां खाली रह गईं।

इसी हॉल में में हुए एक और वर्ग के सम्मेलन का भी यही अंजाम हुआ। इस वर्ग के ज्यादातर संगठनों ने कार्यक्रम से पहले अपने साथ 50-50 व्यापारियों को लाने का वादा किया था लेकिन सम्मेलन हुआ तो वे 10-10 व्यापारी भी नहीं ला पाए। सम्मेलन शुरू होने तक आधा हॉल खाली रहा। तय समय से काफी देर से पहुंचे मुख्य अतिथि भी खाली हॉल देखकर सन्न रह गए।

कार्यकर्ताओं ने फोन करके कुछ आम लोगों को बुला लिया था। मुख्य अतिथि के सामने भी लोग बुलाए जाते रहे, लेकिन फिर भी हॉल भर नहीं पाया। हाल भरने के लिए कई और भी प्रयास किए गए।



शहर के एक सभागार में हुए एक सम्मेलन में खाली पड़ी कुर्सियां।

### गेट पर हाथ जोड़कर खड़े हो गए... अभी मत जाओ

सम्मेलन के दौरान एक तो भीड़ नहीं थी, दूसरे मुख्य अतिथि काफी देर से आए। नतीजा यह हुआ कि सम्मेलन में आए लोगों ने मुख्य अतिथि के संबोधन से पहले ही लौटना शुरू कर दिया। इससे आयोजकों में और ज्यादा घबराहट फैल गई। मंच पर बैठे एक पदाधिकारी को वहां से उठकर गेट पर खड़ा होना पड़ा। वह हाथ जोड़कर बाहर निकल रहे लोगों से थोड़ा और रुकने का आग्रह कर उन्हें रोकते रहे।

### कार्यकर्ता बोले- हमारे साथ तो सिर्फ दिखावा किया जा रहा है

**बरेली, अमृत विचार :** राजनीतिक दलों की चुनावी गतिविधियों में उनके कार्यकर्ता हिस्सा तो ले रहे हैं लेकिन उनका जोश गायब है। मंगलवार को हुए एक सम्मेलन के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं से बात की तो वे अपनी ही पार्टी की व्यवस्था से आहत दिखे। बोले, हम पुराने कार्यकर्ता हैं लेकिन हमारे साथ दिखावा किया जा रहा है। जो लोग चुनाव में वास्तविक मेहनत कर पसीना बहा रहे हैं, उन पर चुनाव प्रबंधकों का ध्यान नहीं है। एसी में बैठने वाले जो लोग कुछ देर के लिए धूप में आते हैं, उनके माथे का पसीना सबको दिखाई दे रहा है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चार दिन बाद फिर आंवला संसदीय क्षेत्र में

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आंवला के भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में फरीदपुर के रामलीला ग्राउंड पर तीन मई को फिर चुनावी जनसभा करेंगे। इससे पहले उन्होंने 28 अप्रैल को आंवला के सुभाष इंटर कॉलेज में धर्मेंद्र कश्यप के लिए जनसभा की थी। मुख्यमंत्री तीन मई को संभल में जनसभा करने के बाद हैलिकॉप्टर से दोपहर साढ़े तीन बजे फरीदपुर रामलीला ग्राउंड पर उतरेंगे और 3.35 से 4.20 तक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर कर लखनऊ चले जाएंगे। आंवला के भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह के मुताबिक मुख्यमंत्री से अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में जनसभा के लिए कार्यक्रम मांगा गया था। तीन मई को होने वाली जनसभा के लिए तैयारियां चल रहीं हैं।



- **कल धर्मेंद्र कश्यप के लिए फरीदपुर के रामलीला ग्राउंड में सभा**

## हार्टमन रामलीला मैदान में गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा आज

**बरेली, अमृत विचार :** गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को शहर में हार्टमन रामलीला मैदान पर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा करेंगे। बुधवार देर शाम तक कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां चलती रहीं। पुलिस, प्रशासनिक अफसर और पार्टी के पदाधिकारी दिन भर तैयारियों का जायजा लेते रहे। कार्यक्रम के अनुसार गृह मंत्री 12.45 बजे बरेली एयरपोर्ट और करीब 1 बजे रामलीला मैदान पर पहुंचेंगे। यहां 45 मिनट रुकेंगे। फिर एयरपोर्ट पहुंचकर विशेष वायुयान से बदायूं पुलिस लाइंस के लिए उड़ान भरेंगे। जिलाध्यक्ष बरेली पवन शर्मा ने बताया कि जनसभा को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। मंच पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत कई मंत्री मौजूद रहेंगे।



- **दोपहर 1 बजे सभास्थल पर पहुंचेंगे, देर शाम तक होती रहीं तैयारियां**

## प्रशिक्षण से गैरहाजिर चार मतदान कर्मियों पर एफआईआर

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में चुनाव प्रशिक्षण में न आने वाले मतदान कर्मियों को बुधवार को भी मौका दिया गया। इसमें करीब सात सौ मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान गैरहाजिर चार कर्मियों पर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने प्रशिक्षण केंद्र का जायजा लिया और अधिकारियों को ठीक से प्रशिक्षण कराने का आदेश दिया। सीडीओ जगप्रवेश ने बताया कि मंगलवार को प्रशिक्षण में नहीं आने वाले 36 मतदान कर्मियों को नोटिस जारी कर बुधवार को प्रशिक्षण में आने के लिए कहा गया था। बुधवार को 32 कर्मी प्रशिक्षण में शामिल हुए लेकिन शिक्षामित्र मनोरमा शर्मा, वर्षा शर्मा, मनोरमा गंगवार और सफाई कर्मी अफजाल अनुपस्थित रहे। इन पर केस दर्ज करा दिया गया है।



प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण करते डीएम।

## आईटीबीपी के साथ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बरेली, अमृत विचार:** चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स जुट गई है। बुधवार को पुलिस ने आईटीबीपी के साथ अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रूट मार्च किया। इस दौरान लोगों से बात कर उन्हें सुरक्षा का अहसास कराया गया। इसके अलावा एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने पुलिस लाइन में वीवीआईपी कार्यक्रम के संबंध में पुलिस अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग कर जरूरी निर्देश दिए।



आईटीबीपी के साथ फ्लैग मार्च करते पुलिसकर्मी।





















# मुफ्त राशन... बंधन तो है लेकिन इतना भी मजबूत नहीं कि टूटे न

## बड़ी सहूलियत तो बता रहे हैं लाभार्थी लेकिन महंगाई और रोजगार की कमी के मुद्दे भी जुबां पर

शब्या सिंह तोमर, बरेली

- पिछले चुनावों में बसपा के कैडर वोट का बड़ा हिस्सा खा चुकी है यह योजना
- हर सभा में समझा रही हैं मायावती- आपके टैक्स के पैसे से मिलता है राशन

24 — 18वीं लोकसभा का चक्रव्यूह



**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती इस बार अपनी हर चुनावी जनसभा में यह समझाना नहीं भूल रही हैं कि उन्हें जो मुफ्त राशन सरकार से मिल रहा है, वह कोई एहसान नहीं है। यह राशन उन्हें उन्हीं के टैक्स के पैसे से दिया जा रहा है। बसपा प्रमुख का मुफ्त राशन को अपने भाषण के मुख्य मुद्दों में शामिल करना यूं ही नहीं है। दरअसल यही मुद्दा है जो पिछले चुनावों में उनके कैडर वोटों को ले उड़ा। बसपा सुप्रीमो का यह पैतरा अंततः क्या गुल खिलाएगा, यह तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा लेकिन इतना भर असर अभी से दिखने लगा है कि मुफ्त राशन पाने वालों के सुर बदलने लगे हैं।

पिछले कुछ चुनावों में एक लाभार्थी नाम से एक नए वोट बैंक की ईजाद हुई और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वालों की गिनती सत्ताधारी दल के वोट बैंक में की जाने लगी। सर्वाधिक लाभार्थी मुफ्त राशन लेने वाले हैं, लिहाजा माना जाना लगा कि उनके दम पर चुनाव में बड़ा खेल किया जा सकता है। यही वजह रही कि पिछले कई चुनावों में मुफ्त राशन का मुद्दा जोरशोर से गूंजा। मुफ्त राशन कितने वोटरों को खींचकर सत्ताधारी दल के पाले में लाया, इसका तो कोई आंकलन मुश्किल है लेकिन जिस तरह बसपा और कांग्रेस के वोटों में चुनाव दर चुनाव भारी कमी आई, उसके पीछे इसी की भूमिका मानी गई। बसपा के नेता भी यह स्वीकार करने में कोई हिचक नहीं दिखा रहे कि करीब 17 फीसदी दलित मतदाताओं वाले बरेली संसदीय क्षेत्र में बसपा का वोट प्रतिशत विधानसभा चुनाव 2022 में घटकर 5.8 प्रतिशत रह जाने के पीछे कहीं न कहीं यही फैक्टर रहा।

मुफ्त राशन लेने वालों से बात करने पर पता चलता है कि इन लाभार्थियों पर कुछ हद तक अब भी दो जून की रोटी देने वाली इस गारंटी का प्रभाव है, हालांकि काफी लाभार्थियों की जुबां पर उन्हीं के टैक्स के पैसे उन्हें राशन दिए जाने जैसी बातें भी जोर पकड़ने लगी हैं जैसा कि बसपा प्रमुख मायावती उन्हें समझाने की कोशिश कर रही हैं। ये लोग तर्क देने लगे हैं कि मुफ्त राशन से उन्हें जितनी सहूलियत नहीं मिल रही है, उससे ज्यादा कहीं महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। ऊपर से रोजगार की कमी भी बहुत भारी पड़ रही है।



### विधानसभा चुनाव से पहले मिला था रिफाइंड, चना और नमक भी

कोविड के दौर के बाद राज्य सरकार ने राशनकार्ड धारकों को मुफ्त रिफाइंड, चना और नमक भी देना शुरू किया था जिसे विधानसभा चुनाव होने के बाद बंद कर दिया गया। पूर्ति विभाग के मुताबिक इसके अलावा एक राशन कार्ड पर तीन महीने में एक बार तीन किलो चीनी भी दी जाती है।

### पात्र गृहस्थी और अंत्योदय योजना के तहत मिलता है मुफ्त राशन

बरेली जिले में कुल मिलाकर फिलहाल 7,85,001 राशन कार्डधारक हैं। इनमें पात्र गृहस्थी के 6,85,432 कार्ड हैं जिनमें लाभार्थियों की कुल संख्या 29,66,565 है। अंत्योदय राशन कार्डों की संख्या 99569 ही है जिनमें लाभार्थी 3,03,364 हैं। पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड पर प्रति यूनिट दो किलो गेहूं और तीन किलो चावल दिया जाता है। अंत्योदय राशनकार्ड पर 14 किलो गेहूं और 21 किलो चावल दिया जाता है। राशन कार्ड धारकों की शिकायत है कि कुछ समय से उन्हें गेहूं के बदले बाजरा दिया जा रहा है। भीषण गर्मी में गर्म तासीर वाला बाजरा खाना मुमकिन नहीं है, इसलिए उन्हें मुफ्त राशन योजना का ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### जनगणना न होने से पुराने लक्ष्य जारी नहीं बन पा रहे हैं नए राशन कार्ड

देश में 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है जिसकी वजह से राशन योजना के लाभार्थियों के नए लक्ष्य भी तय नहीं हुए हैं। करीब 12 साल से उसी लक्ष्य के आधार पर राशन कार्ड धारकों की संख्या स्थिर रखी जा रही है जो 2011 की जनगणना के आधार पर निर्धारित किया गया था। इस वजह से जब कोई पुराना राशन कार्ड निरस्त होता है, तभी उसके बदले कोई नया राशन कार्ड बनाया जाता है। आवेदनों की संख्या इसकी तुलना में सैकड़ों गुना ज्यादा है। लोग चक्कर काटते रहते हैं लेकिन उनके राशन कार्ड नहीं बन पाते।

### मुफ्त राशन पर करो सवाल तो सुनाने लगते हैं महंगाई के कष्ट



मुफ्त राशन से मेरे घर की जरूरतें पूरी नहीं होतीं, न मैं यह मानता हूं कि इस राशन के बदले मुझे वोट देना चाहिए। कोई अपनी जेब से तो हमें राशन देता नहीं है। डायरेक्ट या इनडायरेक्ट ढंग से हमारा ही पैसा होता है। कोई और सरकार आएगी तो वह भी राशन देगी ही। राशन नहीं तो रोजगार देगी जो हमारे लिए ज्यादा अच्छा होगा। – **ललित मोहन**, जाटवपुरा



मुफ्त राशन के बजाय ज्यादा जरूरी है कि महंगाई और बेरोजगारी कम की जाए। वैसे भी कोटेदार राशन में कटौती कर लेते हैं और उससे परिवार का पेट नहीं भरा जा सकता। मुझे मायावती की यह बात भी सही लगती है कि हमारे ही टैक्स के पैसे से हमें राशन दिया जा रहा है। वोट हमारा अधिकार है, राशन के बदले नहीं देंगे। – **वीरेंद्र कुमार**, जाटवपुरा



मैं अकेला आदमी हूं, मुफ्त राशन के नाम पर मुझे सिर्फ एक किलो गेहूं मिलता है जिसे कोई पीसता भी नहीं है। मेरे जैसे हजारों गरीब हैं जिनका मुफ्त राशन से कोई भला नहीं होता। पहले गैस सिलेंडर सस्ता था। जो आदमी मुफ्त राशन की उम्मीद करता है, वह सिलेंडर कैसे भरवाए। राशन के बदले वोट देने की मंशा कतई नहीं है। – **महेश**, वीरभट्टी



मुफ्त राशन से गरीबों को सहूलियत जरूर है लेकिन यह उन पर कोई उपकार नहीं है, यह हमारे ही टैक्स के पैसे से मिलता है और हमारा हक भी है। दूसरी बात यह है कि मुफ्त राशन से हमारी सारी जरूरतें तो पूरी नहीं होतीं। इसके बजाय महंगाई कम हो जाए तो ज्यादा अच्छा रहेगा। कई और जरूरतें खुद पूरी हो जाएंगी। – **अंकुश**, जाटवपुरा



राशन के बदले वोट की राजनीति नहीं होनी चाहिए। राशन गरीब का हक है और वोट उसकी अपनी पसंद। मुफ्त राशन से कोई ज्यादा फायदा भी नहीं हो रहा है। पहले कुछ दिन चल जाता था लेकिन अब नहीं चल रहा है। सरकार को चाहिए की महंगाई कम कर शिक्षा का स्तर ऊंचा करे तो काफी समस्याएं खुद हल हो जाएंगी। – **धर्मेंद्र**, जाटवपुरा



क्या बात करते हैं, पांच किलो राशन के बदले महंगाई बढ़ाकर हमसे पांच गुना पैसा जेब से निकलवाया जा रहा है और फिर हम उसके बदले वोट दे दें। मैं मुफ्त राशन लेता हूं लेकिन इससे मेरे घर के खर्चों की भरपाई तो होती नहीं। आयुष्मान के लिए कहा जाता है कि छह लोग हों तो सुविधा मिलेगी। यह बाधा हटाई जानी चाहिए। – **मोहम्मद हबीब**, जाटवपुरा



मुफ्त राशन से मेरे परिवार की जरूरतें पूरी नहीं होतीं। ले इसलिए लेते हैं क्योंकि महंगाई में इतना ही सहारा बहुत लगता है। महंगाई कम करके रोजगार की सुविधा भी दे दी जाए तो वह मुफ्त राशन से ज्यादा बड़ा सहारा होगा। हालांकि अगर सरकार राशन के बदले वोट चाहती है तो यह गलत तो नहीं है। – **राजू**, वीरभट्टी



मेरी नजर में वोट देने का आधार देश का विकास होना चाहिए, थोड़ा सा मुफ्त राशन नहीं। किसी को इतना भी मुफ्त राशन नहीं मिलता कि उसके परिवार का पेट भर जाए। इस चुनाव में मेरा मुद्दा है कि सरकार को निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के मौके खोलने चाहिए ताकि हर आदमी को आत्मनिर्भरता हासिल हो। – **स्नेहा**, वीरभट्टी

## एक नजर

### सपा नेताओं ने अयोध्या में खेली खून की होली, अब वहां राष्ट्र मंदिर : संतोष

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के श्रम प्रकोष्ठ की बदायूं रोड पर एक बरात घर में बैठक में बुधवार को सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि इस बार मथुरा के लिए वोट करें। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में उनका खाता नहीं खुलने वाला है। कांग्रेस ने 60 साल सरकार चलाई। 10 साल में 12 लाख करोड़ का घोटाला हुआ। सांसद ने कहा कि सपा नेताओं ने अयोध्या में खून की होली खेली थी। अब अयोध्या में राष्ट्र मंदिर बना है। इस दौरान आदेश गंगवार, अनिल पटेल, तरुण गंगवार, वीरू गंगवार, अनिल गुप्ता, प्रेमशंकर, श्रम प्रकोष्ठ महानगर संयोजक सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

# ऐरन के न पहुंचने से टली इंडिया गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा

संवाददाता, नवाबगंज

- बसपा प्रत्याशी छोटेलाल का पर्चा खारिज होने के बाद शुरू हुई नई सुगबुगाहट
- नवाबगंज के एक बरातघर में पार्टी पदाधिकारियों ने बुलाई थी समर्थन देने को बैठक

**अमृत विचार :** बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार का नामांकन पत्र खारिज हो जाने के बाद पार्टी की ओर से स्थानीय स्तर पर अब इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन देने की सुगबुगाहट है।

बुधवार को कई बसपा पदाधिकारियों ने बाकायदा इसकी घोषणा के लिए कस्बे के एक बरातघर में बैठक बुलाई थी लेकिन इंडिया गठबंधन के प्रवीण सिंह ऐरन के न पहुंचने की वजह से उसे टाल दिया गया। बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार पर्चा खारिज हो जाने के कारण बगैर चुनाव लड़े ही मैदान से बाहर हो चुके हैं।इसके बाद बसपा के पदाधिकारियों और समर्थकों में असमंजस की स्थिति है। बताया जाता है कि कई दिनों की आपसी बातचीत के बाद बसपा के कुछ पदाधिकारियों ने बरेली में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन को समर्थन देने का निर्णय लिया था। इसी के तहत इंडिया गठबंधन के नेताओं से बातचीत करने के बाद नवाबगंज में बुधवार को बैठक बुलाई गई थी।

कस्बे के एक बरातघर में हुई इस बैठक में बसपा के जिला प्रभारी सुम्मेर सिंह गौतम, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बुद्धसेन गौतम, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र गौतम, वीरपाल, ओमेंद्र देव आर्य, प्रेमपाल, रामभरोसे लाल, श्यामाचरन और रघुनंदन प्रसाद समेत तमाम बसपा समर्थक और इंडिया गठबंधन की ओर से महावीर गुप्ता और राजीव गुप्ता पहुंचे थे। काफी देर इंतजार के बाद भी ऐरन नहीं पहुंचे तो घोषणा टाल दी गई। बसपा के जिला प्रभारी ने बताया कि अब पार्टी हाईकमान के निर्देशों के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

### हाईकोर्ट में याचिका रद्द, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे छोटेलाल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नामांकन पत्र खारिज किए जाने के खिलाफ दायर की गई बसपा प्रत्याशी मास्टर छोटेलाल गंगवार की याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दी। इसके बाद वह अब सर्वोच्च न्यायालय जाने की तैयारी में हैं। पूर्व विधायक ने बताया कि उनका नामांकन सत्ता पक्ष के दबाव में अवैध रूप से खारिज किया गया था। इंसाफ के लिए वह उच्चतम न्यायालय तक लड़ाई लड़ेंगे।

## भाजपा की कथनी और करनी एक समान: अमरपाल



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की सभा में बोलते अमरपाल मौर्य।

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से बुधवार को नवाबगंज में बिजौरिया स्टेशन रोड स्थित एक पैलेस में सभा का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य अमर पाल मौर्य ने बरेली लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में मतदान का आह्वान किया और कहा कि भाजपा की कथनी और करनी एक समान है। जो घोषणा पत्र में है, वे सभी मुद्दे वर्तमान में पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में कामगार जातियां चाहे वह पिछड़े हों चाहे एससी- एसटी हों के दम पर ही कमल के फूल को शक्ति मिलती है। कमल का फूल जितना खिलेगा, उतना राष्ट्रीय उन्नति करेगा। पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि सभी की मेहनत और समर्पण भाव से संगठन और पार्टी को मजबूती मिल रही है। भारत तिब्बत सहयोग मंच ब्रज प्रांत अध्यक्ष शैलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार की मजबूती का अंदाजा इसी बात से लगाया जाता है कि जो चीन बात-बात पर हमें घुड़की दिया करता था, आज सरकार उसे घुटनों पर ले आई है। विशिष्ट अतिथि विधायक डा. एमपी आर्या, रविंद्र सिंह राठौड़ रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष नत्थूलाल आर्य ने किया। डॉ. मीनाक्षी गंगवार, प्रधान संगीता पाल, मंडल अध्यक्ष मुनेंद्र राठौर, राजकिशोर कश्यप, सुरेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में बेटी कीर्ति ने कीं कई नुक्कड़ सभाएं

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में उनकी बेटी कीर्ति कश्यप ने चुनावी नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने कई गांवों में कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क कर पिता के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। कीर्ति कश्यप ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान लोगों ने भाजपा के पक्ष में 75 प्रतिशत मतदान कर जीत दिलाई थी। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि अब की बार 80 प्रतिशत मतदाताओं का लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों और प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्यक्रम बनाए गए और उस पर काम हुआ। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख तक के नि :शुल्क उपचार की व्यवस्था भाजपा सरकार द्वारा की गई। आज किसान हो या महिला या गरीब या युवा सबको विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।



आंवला लोकसभा क्षेत्र में धर्मेंद्र कश्यप के लिए जनसंपर्क करतीं बेटी कीर्ति कश्यप।

### नेतृत्व को पत्र, बरेली में राहुल, प्रियंका और इमरान से कराएं चुनाव प्रचार

**बरेली, अमृत विचार :** महानगर कांग्रेस कमेटी की बुधवार को महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में हुई बैठक में हाईकमान से बरेली में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और इमरान प्रतापगढ़ी जैसे नेताओं की सभा कराने का आग्रह किया गया। बैठक में अजय शुक्ला ने बताया कि महानगर कांग्रेस कमेटी के सभी वार्ड अध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने वार्डों में सुबह आठ बजे से जनसंपर्क करें। बरेली सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह के पक्ष में माहौल बन रहा है। उन्होंने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व को एक अनुरोध पत्र भेजा है, जिसमें कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, इमरान प्रतापगढ़ी, प्रमोद तिवारी, प्रदेशाध्यक्ष अजय राय का कार्यक्रम तय करने का आग्रह किया है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस पारस शुक्ला, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस हर्षित दुबे, पार्षद सादिक अंसारी, जहीरुद्दीन मुन्ना, महसर खान, सुरेन्द्र सोनकर, फिरोज खान, सरवत हुसैन, नादिर बेग आदि मौजूद रहे।

### अखिलेश यादव आज देवचरा में करेंगे जनसभा

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को बरेली और बदायूं में प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा करेंगे। वह हेलीकॉप्टर से दोपहर 12 :15 बजे बरेली के त्रिशूल एयरपोर्ट आएंगे। यहां से वह हेलीकॉप्टर से 12 :50 बजे बदायूं के लिए रवाना होंगे। वह बहेड़ी गांव में 1 :30 बजे इंडी गठबंधन प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में जनसभा करेंगे। एक घंटे बाद वह बदायूं से हेलीकॉप्टर से चलकर बरेली के देवचरा में 3 :20 बजे पहुंचेंगे। यहां वह आंवला में इंडी गठबंधन प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन में जनसभा करेंगे।



## जनता का मंच

### चुनावों में व्यक्तिगत आलोचना इस हद तक क्यों?

**बरेली अमृत विचार :** स्वस्थ राजनीति तो यही है कि जनता को अपने काम के साथ भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया जाए ताकि वह समझ सके कि कौन सा नेता और राजनीतिक दल उसके लिए बेहतर करेगा लेकिन अब चुनाव में नेताओं के भाषण लोगों को उलझाने लगे हैं। लोगों का कहना है कि नेता वोट मांगते वक्त एक-दूसरे की आलोचना करने में ज्यादा दिलचस्पी लेते हैं। कई बार स्तरहीन व्यक्तिगत टिप्पणियों का भी सहारा लेते हैं लेकिन यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।



कोई अगर सत्ता में रहा है तो उसे चुनाव में अपने काम पर वोट मांगने चाहिए। जो नेता इसके बजाय अपने विरोधियों की आलोचना करते हैं, वे जनता की नजर से उतर जाते हैं। अधिकांश नेता जाति और धर्म पर अपने भाषण केंद्रित रखते हैं लेकिन बात काम और भविष्य की योजनाओं पर होनी चाहिए। –**ताहिर**, मलूकपुर



प्रत्याशी विरोधियों की कमियां बताने में इसलिए दिलचस्पी रखते हैं क्योंकि इससे उन्हें बगैर कोई काम किए ही वोट मिलने की संभावना रहती है। हालांकि जनता यह समझने लगी है कि किसी नेता का अतीत ही उसका सच होता है। उसके दिखाए सपने झूठे होते हैं, उन पर विश्वास नहीं किया जा सकता। – **करन पटेल**, ग्रीन पार्क



वही नेता दूसरों को दोषी बताएगा जिसने खुद कोई अच्छा काम नहीं किया होगा। ऐसी नकारात्मक राजनीति विरोधी का वोट काटने के लिए की जाती है। देश में सबसे जरूरी मुद्दा स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार है लेकिन इन मुद्दों पर कोई प्रत्याशी या नेता बात नहीं करता, यह दुखद स्थिति है। – **सलमान अली**, मलूकपुर



अपने एक काम को बार-बार गिनाना और विरोधियों को नीचा दिखाना, नेताओं की यह फितरत हो चली है। इससे भी बात नहीं बनती तो एक-दूसरे पर व्यक्तिगत टिप्पणियां शुरू कर देते हैं। वोट काटने के लिए जातिगत या धार्मिक टिप्पणियां करने से भी नहीं चूकते। लोग अब सब समझते हैं। – **कविता**, राधेश्याम एन्क्लेव



राजनीति में सत्ता ही अंतिम लक्ष्य होती है। सत्ता तक पहुंचने में जब किसी नेता को अपने काम गिनाने लायक नहीं लगते तो वे विरोधियों की कमियां गिनाना शुरू कर देते हैं और नकारात्मक वोटों से अपनी झोली भरना चाहते हैं। इनमें ज्यादातर नेता वे होते हैं जो सत्ता में रहते हुए पूरे पांच साल आम लोगों से नहीं जुड़ते और उनकी समस्याओं पर भी ध्यान नहीं देते। जनता उनसे इस पर जवाब न मांगे, इसलिए चुनाव आते ही वे विरोधी प्रत्याशियों की आलोचना शुरू कर देते हैं। इस तरह के भाषण पहले से प्लान किए जाते हैं जिनका मकसद वोट काटना और दूसरे के वोट बैंक को साधना होता है। हालांकि यह तिकड़म बार-बार कामयाब नहीं होती। – **डॉ. नूपुर गोयल**, असिस्टेंट प्रोफेसर, सिल्वर लॉ कॉलेज बरेली

# भाजपा ने गारंटी के नाम पर विज्ञापनों के जरिए सिर्फ सपने दिखाए: ऐरन

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली लोकसभा क्षेत्र से सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने बुधवार को जनसंपर्क और रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने जनता को गारंटी के नाम पर बड़े-बड़े विज्ञापनों के जरिये सिर्फ सपने दिखाए हैं।

प्रवीण सिंह ऐरन ने बुधवार को फतेहगंज पश्चिमी धनेटा फाटक, मिटोली नगला, मकड़ी खोय, मिर्जापुर, शाही, शेरगढ़ आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस मौके पर सुरेश गंगवार, टीकाराम कश्यप, अजीम मालिक, संदीप गुप्ता, परितोष रंजन, मनोज शर्मा, बीआर दिवाकर, बीआर सक्सेना, हुकुम सिंह, रेहान रजा, हर्ष सोमवंशी, राजू कश्यप आदि मौजूद रहे। पीलीभीत लोकसभा से सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार ने भी प्रवीण सिंह ऐरन के भतीजे अंकित गोयल के साथ वीरमपुर, भदपुरा, कुम्हारपुर तुलसी पट्टी, बढैपुरा, अमीरनगर, सिठौरा, नकटी नरायनपुर, नवदिया मोती राम, बिहारी पुर पीतमराम, गुड़िया लेखराज, आदि तमाम गांवों में जनसंपर्क किया। उनके साथ अनिल गंगवार, मुन्ना, अरविंद गंगवार, राज कृष्ण गुप्ता, पंकज पांडेय, रविन्द्र गंगवार, चंद्रपाल, सतीश सैनी, विजय पटेल, पुरुषोत्तम गंगवार, सुरजीत, प्रवेश सागर आदि रहे। इसके अलावा पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन ने राम वटिका में हिमांशु यादव के नेतृत्व और शांति विहार में अजय शर्मा के निवास तक जनसंपर्क, गणेश नगर में रामवीर चक्की वालों के नेतृत्व में और ओमकार सिंह अंबेडकर मंदिर वालों के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों के साथ बैठक की। नेकपुर में पूर्व विधायक विजय पाल सिंह के निवास पर बैठक कर प्रवीण सिंह ऐरन के पक्ष में जनता से वोट देने की अपील की। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला, राहुल कश्यप, राजेश अग्रवाल, महेश पंडित, कमलेश ठाकुर, सुनीता देवी, अजय शर्मा, सुरेंद्र सोनकर, दिनेश दद्दा, डॉ. विजय शर्मा, प्रमोद यादव, मोनू पांडे, हरेंद्र सिंह, राजेश्वरी, अश्विनी यादव मौजूद रहे।



जनसंपर्क करते सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन।

# आंवला सीट पर भाजपा सांसद की हार हो चुकी है तय: नीरज मौर्य

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र से सपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य ने कहा कि मतदाताओं का रुझान देखकर लग रहा है कि भाजपा सांसद धर्मेंद्र कश्यप की हार तय है। जनता उनके कारनामों का हिसाब सात मई को वोट देकर लेगी। उन्होंने आंवला, बिथरी और देवचरा के बरी नगला, कुरमुरी बल्लिया, शिवनगर केसरपुर आदि गांवों में चुनावी सभाओं में कहा कि भाजपा सांसद ने पिछले 10 साल में सिर्फ अपने परिवार का विकास किया और अपना इलाज कराया। उन्होंने जनता के सुख-दुख पर कोई ध्यान नहीं दिया और न ही क्षेत्र की जनता से कोई मतलब रखा। भाजपा सांसद ने आंवला क्षेत्र का विकास करने के बजाए यहां विभिन्न जाति और धर्म के लोगों को आपस में लड़वाया और उनको अपमानित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, पिछड़ी और एससी एसटी जातियों की नसबंदी करने लगे, जबकि हकीकत यह है कि उनको चिकित्सा के क्षेत्र की एबीसीडी तक नहीं मालूम। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सब जगह यह प्रचार कर रखा है कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है, लेकिन आंवला में भाजपा सांसद ने विनाश का डंका बजाया। चुनावी भ्रमण में उनके साथ आंवला लोकसभा प्रभारी शुभलेश यादव, सपा जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप, पूर्व मंत्री और बहेड़ी विधायक अताउर रहमान, रमेश यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आदेश यादव गुड्डू, जुल्फिकार अली बिट्टू, वरिष्ठ सपा नेता सूरज यादव, सत्येंद्र श्रीवास्तव, भुवनेश प्रधान, विनोद यादव, पप्पू मौर्य, प्रज्ञा रतन, खेमपाल मौर्य, डॉ. विशाल यादव, देवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।



सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य के चुनाव प्रचार में जुटे सपा नेता।

# सशक्त भारत का निर्माण करेगा आपका वोट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नवाबगंज और भोजीपुरा की चुनावी जनसभाओं में बोले जल शक्ति मंत्री

**अमृत विचार :** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र के दलेलनगर और भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के गांव रिठौरा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने लोगों से कहा कि उनका वोट सशक्त भारत का निर्माण करेगा।

भोजीपुरा के अशोक मार्केट सभागार में जलशक्ति मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में किसान, मजदूर और व्यापारी सभी परेशान थे। तब अमीरों की सरकार की थी। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत का कायाकल्प हो गया। पहले देश में श्रीनगर से अयोध्या में बम फटते थे। ताज होटल से लेकर ट्रेनों तक में धमाके होते थे। यूपी में सपा को निपटाओ तो बसपा, बसपा को निपटाओ तो सपा आ जाती थी मगर मोदी सरकार में बम फोड़ने वाले को घर में घुसकर मारा जाता है। इंडी गठबंधन अपना परिवार बचाने में लगा है। नवाबगंज में जनसभा के दौरान कहा, आपके एक वोट की ताकत से गरीबों को घर, बिजली और मुफ्त राशन मिलता रहेगा। आपका वोट विकसित और सशक्त भारत का निर्माण करेगा। इस दौरान विधायक डॉ. एमपी आर्य, प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल, रविंद्र सिंह राठौर, नीरेंद्र सिंह राठौड़, रमेश गंगवार, चेयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता, ओबीसी मोर्चा के शिवमंगल सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष सुक्खन लाल आदि मौजूद रहे।



जनसभा में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

## सार-संक्षेप

### साहित्य में कबीर दास के योगदान पर प्रकाश डाला



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे राजभाषा विभाग इज्जतनगर की ओर से डीआरएम कार्यालय पर मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की संयुक्त तिमाही समीक्षा बैठक और हिंदी साहित्य में संत कबीर दास का योगदान विषय पर संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज बरेली के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुरेश बाबू मिश्रा ने कबीर दास के साहित्य में योगदान पर प्रकाश डाला। डीआरएम रेखा यादव ने अध्यक्षता की। अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी राजीव अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रत्नेश कुमार सिंह ने भी विचार रखे। मंडल कार्मिक अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने संचालन किया।

### मुर्गियों में प्रोटीन की कमी को पूरा करेगा कैरी बूस्ट



**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में मुर्गियों की पोषण की समस्या को दूर करने के लिए केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने कैरी बूस्ट तैयार किया है। जिसे उनके दाने में मिलाकर देने से कम खाने पर भी उनके शरीर में प्रोटीन, मिनिरल्स की कमी नहीं होगी। इस उत्पाद के पेटेंट का काम जारी है। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ने डॉ. चंद्रदेव, डॉ. अभिषेक विश्वास, डॉ. जयदीप रोकड़े, डॉ. संदीप सरन के साथ इस प्रोजेक्ट पर 2023 में काम शुरू किया। डॉ. दिव्या ने बताया कि संस्थान की ओर से विकसित ब्रायलर की कैरी विशाल, कलर ब्रायलर और कॉमर्शियल ब्रायलर कॉप-400 पर अध्ययन किया। उन्होंने प्रोटीन के लिए पेट्रोलियम बाईप्रॉडक्ट, एंटीऑक्सिडेंट सोर्स के लिए फलों के छिलके, कैल्शियम के लिए वेस्ट मटेरियल का इस्तेमाल किया। इन्हें लैब में निर्धारित मात्रा व सामान्य तापमान में रखकर तैयार कर मिश्रण को फार्मर फ्रेंडली क्रम्बल के रूप में तैयार किया। इसके फील्ड ट्रायल के लिए संस्थान के फार्म, फरीदपुर और मल्लपुर में प्रयोग किया। प्रयोग के दौरान वैज्ञानिकों ने विभिन्न ग्रुप में कैरी बूस्ट को खिलाकर उनमें वृद्धि देखी। जिनमें सर्वाधिक वृद्धि 10-15 प्रतिशत दाने में 8 ग्राम कैरी बूस्ट मिलाकर देने पर पाई गई। उन्होंने बताया कि कैरी बूस्ट का इस्तेमाल करने से पालक दाने में आने वाली लागत को कम कर आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, साथ ही मुर्गियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता, शारीरिक वृद्धि, पोषण व तनाव के स्तर को भी कम करने में सहायक होगा। निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य किसानों की लागत कम कर उनकी आय को बढ़ाना है। कैरी बूस्ट इस पर खरा उतरता है।

### शिकागो के शहीद कामगारों को दी श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** मजदूर दिवस पर नरमू के यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर में बुधवार को आम सभा हुई, जिसमें शिकागो के शहीद कामगारों को श्रद्धांजलि दी गई। केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने कारखाना और कामगारों के संघर्ष का इतिहास बताया। कहा कि पूर्व में काम के घंटे निश्चित नहीं थे, जिसके कारण 18 घंटे तक काम मजदूरों से लिया जाता था। लंबे संघर्ष के बाद आठ घंटे काम का नियम बना। वीएनसिंह, परवेज अहमद, रामकिशोर, रोहित कुमार, अनुराग शुक्ला, धर्मपाल, सचिन सक्सेना, मनजीत सिंह, अबीदुद्दीन, जफरा अख्तर, मुन्नी देवी, मालती नेगी, आशा रानी मौजूद रहीं।

### उपकेंद्रों पर कराए गए कार्यों में मिलीं कमियां



**बरेली, अमृत विचार :** बिजली सुधार को लेकर कराए गए कार्यों का निरीक्षण शुरू हो गया है। बुधवार को पावर कारपोरेशन के अधिकारी फील्ड में निकले। इस दौरान उन्हें कई उपकेंद्रों पर कमियां मिलीं। उन्होंने कर्मचारियों को सुधार के निर्देश दिए हैं। पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता रणविजय सिंह, अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया और अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने अधिशासी अभियंताओं के साथ विभिन्न योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें फरीदपुर ग्रामीण, नकटिया और अंधरपुरा उपकेंद्र पर पैनल बदलने के बाद अर्थिंग रॉड को बैल्डिंग नहीं किया गया था, जो स्क्रैप बचा था उसे स्टोर में जमा नहीं कराया गया था। इसपर अधिकारियों ने नाराजगी जताई। पहले दिन टीमों ने 149 कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें से 105 काम संतोष जनक तो 43 काम असंतोषजनक पाए गए। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि उपकेंद्रों पर जाकर टीमों ने निरीक्षण किया था। जिसमें कुछ जगह पर कमियां मिली हैं। संबंधित ठेकेदार और अवर अभियंताओं को उसमें सुधार के लिए निर्देश दिए हैं। गुरुवार को निरीक्षण के बाद रिपोर्ट पावर कारपोरेशन के मुख्यालय को भेजी जाएगी।

### मजदूर दिवस पर कत्था फैक्ट्री में हुई श्रद्धांजलि सभा



**बरेली, अमृत विचार :** मजदूर दिवस पर कत्था फैक्ट्री इज्जतनगर में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ, जिसमें शिकागो में शहीद हुए कामगारों को श्रद्धांजलि दी गई। सीटू के महामंत्री मोहम्मद शाहिद ने ठेका श्रमिकों के शोषण का मुद्दा उठाया। अध्यक्षता राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ( इण्टक) के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष सतीश मेहता ने की। वसीम खां, मोहम्मद निसार खां, शराफत अली, नवाजिश मोहम्मद सिद्दीक, सद्दाम हुसैन, हरीश कुमार, रतन बजाज, इसरार खां, सुनील शर्मा, अनुपम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### तीन सौ बेड अस्पताल में टंकी चोरी करते युवक दबोचा

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में बुधवार को तीसरी मंजिल के शौचालय में पानी की टंकी चोरी करते हुए एक युवक को दबोच लिया गया। युवक ने भागने की कोशिश की तो उसे एक वार्ड में बंद कर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कोविड काल के दौरान भी अस्पताल से कुर्सी, पंखे, अलमारी समेत कई उपकरण गायब हो गए थे। कई बार अधिकारियों ने जांच के निर्देश दिए लेकिन जांच कागजों तक ही सीमित रह गई।

# रिश्तेदारों ने 25 हजार रुपये के लालच में ड्राइवर को मार डाला, गाड़ी में डाल गए लाश

## उधार लौटाने के बहाने बुलाकर तार से घोट दिया गला, गाड़ी समेत फेंका नहर में

संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

- पुलिस ने ममेरे भाई समेत तीन हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार एक फरार

**अमृत विचार :** तीन दिन से लापता वैन चालक की हत्या उसके दूर के रिश्तेदारों ने 25 हजार रुपये के लालच में कर दी और शव कुंवरपुर बंजरिया स्थित नहर में फेंक दिया। पुलिस ने मंगलवार देर रात फुफेरे भाई समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके उनकी निशानदेही से शव, ईको कार और टूटा हुआ मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस फरार एक आरोपी की तलाश कर रही है।

पीलीभीत जिले के बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव पटनियां निवासी धर्मपाल ने बताया कि उनका बेटा आकाश (20) बदायूं के थाना सिविल लाइंस के आमगांव निवासी नीरज सिंह की ईको कार चलाता था। वह कार से बुकिंग लेकर फरीदाबाद गया था। 28 अप्रैल को आकाश फरीदाबाद से बरेली आया। वह अपनी बहन के यहां नरियावल में भांजी के नामकरण संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहा था। बिथरी के पुरनापुर निवासी ममेरे भाई विनोद ने उसे अपने गांव बुला लिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

इसके बाद विनोद और उसके ममेरे भाई राजेश निवासी रुकुमपुर फाटक थाना फतेहगंज पश्चिमी, मौसेरे बहनोई सोमपाल निवासी धौरेरा माफी थाना इज्जतनगर और झनकार सिंह निवासी ग्राम पठनिया थाना बीसलपुर ने हत्या कर दी और शव नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने विनोद, सोमपाल और राजेश को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से ईको कार और आकाश का टूटा हुआ मोबाइल भी बरामद कर लिया है, जबकि झनकार सिंह फरार है।

विनोद ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि आकाश उसका दूर का फुफेरा भाई था। आकाश ने फोन करके उधार दिए तीन हजार रुपये मांगे और बताया कि उसके बहनोई ने 25 हजार रुपये दिए हैं। विनोद ने उसे उधार देने के बहाने से उसे पुरनापुर बुला लिया। पुरनापुर में विनोद, उसका ममेरा भाई राजेश, मौसेरे बहनोई सोमपाल व झनकार मिले। चारों आकाश की कार से कुंआडांडा आए और यहां क्लच का तार खरीदा।

इसके बाद नवदिया झादा के पास सभी ने शराब पी। चारों ने आकाश को अधिक शराब पिला दी। नशा होने पर विनोद ने तार से गला घोटा, राजेश ने पैर पकड़े और सोमपाल और झनकार ने हाथ। मौत होने के बाद चारों ने शव को आकाश की कार में रखा और कुंवरपुर बंजरिया स्थित सूखी नहर में फेंक दिया। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि विनोद पहले आकाश के बहनोई की गाड़ी चलाता था। आकाश के पहुंचने पर उन्होंने विनोद को हटा दिया और आकाश को काम पर रख लिया था। इससे भी विनोद रंजिश मानता था।

### सीडीआर से खुला हत्या का राज

आकाश के पिता ने 29 अप्रैल को धर्मपाल के गायब होने की पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आकाश के मोबाइल नंबर की सीडीआर निकलवाई। जिसमें आकाश की आखिरी बार बातचीत विनोद से ही होने की पुष्टि हुई। जिसके बाद पुलिस ने विनोद को हिरासत में लिया और पूछताछ में हत्या की बात स्वीकार कर ली।

# इंद्रा मार्केट में लगी आग में कपड़े की तीन दुकानें जलीं



इंदिरा मार्केट में दुकान से उठती आग की लपटें। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फायर कर्मी और पुलिस टीम ने दो घंटे में आग पर पाया काबू

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के इंद्रा मार्केट में आग लगने से कपड़ों की तीन दुकानें जल गईं। दमकल कर्मियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से करीब तीन लाख रुपये का नुकसान होना बताया जा रहा है। किसी दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

किला क्षेत्र के लीची बाग निवासी इसरार हुसैन ने बताया कि उनकी इंद्रा मार्केट में कपड़े की दुकान है। उनकी दुकान के बराबर में युसुफ और आशू की दुकानें हैं। सभी लोग मंगलवार रात दुकानें बंद कर घर वापस गए। बुधवार सुबह सात बजे मार्केट के लोगों ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि उनकी दुकान में आग लग गई है। जब-तक वह पहुंचे तब तक तीनों दुकानें पूरी तरह से जल कर राख हो गई थीं। सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा ने बताया कि दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया था। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

## शेरगढ़ में रोडवेज बस की टक्कर से महिला की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** शेरगढ़ में बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस की स्कूटी में टक्कर से महिला की मौत हो गई। हादसे में महिला का पति और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इज्जतनगर के करमपुर चौधरी निवासी शहादत खान मंगलवार की शाम पत्नी परवीन और नौ साल की बेटी के साथ स्कूटी से दावत में शामिल होने जा रहे थे। वह जैसे ही शेरगढ़ बस स्टैंड के पास पहुंचे कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे परवीन की मौके पर मौत हो गई और शहादत और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस बस चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## हिट एंड रन केस में कार बरामद आरोपियों का नहीं लगा पता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बचने के लिए रसूखदारों की शरण में आरोपी
- घायल व्यापारी मोहम्मद शफी की हालत में सुधार

**अमृत विचार :** हिट एंड रन प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने कार तो बरामद कर ली है, लेकिन पुलिस अब तक ये पता नहीं कर सकी है कि कार में सवार आरोपी कौन थे। बताते हैं आरोपी रसूखदारों की शरण में हैं और बचाव के प्रयास में जुटे हैं। यही वजह है कि पुलिस ने अब तक नाम नहीं खोले हैं।

सोमवार रात तेज रफ्तार कार ने गांधी मार्केट में स्कूटी पर बैठे कपड़ा व्यापारी मोहम्मद शफी को टक्कर मार दी थी। हादसे में वह घायल हो गए थे। टक्कर लगने के बाद स्कूटी पोल से जा टकराई थी, जिससे उसमें आग लग गई थी। इस प्रकरण में शफी अहमद के बेटे मोहम्मद आसिफ ने कार के नंबर के आधार पर थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मंगलवार रात कार को बरामद कर लिया। कार प्रेमनगर क्षेत्र के पावर हाउस रोड जानकीपुरी निवासी ललित मिगलानी की बताई जा रही है। वहीं पुलिस अब तक ये पता नहीं कर सकी है कि कार में सवार चार युवक कौन थे और कहां के थे।

फिलहाल, घायल व्यापारी मोहम्मद शफी की हालत में सुधार है। इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपियों का पता किया जा रहा है।

# प्रियांगी हत्याकांड में इमरान रजा को उम्रकैद और 70 हजार का जुर्माना

विधि संवाददाता, बरेली

- शादी से इन्कार पर की गई थी गला दबाकर हत्या
- पुलिस ने नदी किनारे गड्ढे से बरामद किया था शव

**अमृत विचार :** प्रियांगी गंगवार को प्रेमजाल में फंसाने और शादी से इन्कार पर दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर लाश मिट्टी में दफन करने के चर्चित मामले में आरोपी सीबीगंज ग्राम तिलियापुर निवासी इमरान रजा खां को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कुमारी अफशा ने आजीवन कारावास और 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। आरोपी को अदालत ने मंगलवार को ही दोषसिद्ध कर दिया था, वहीं उसके तीन अन्य साथियों को बरी कर दिया गया था।



एडीजीसी क्राइम अनूप कोहरवाल ने बताया कि 7 नवंबर 2014 को शास्त्रीनगर निवासी राजेश गंगवार ने थाना प्रेमनगर में तहरीर देकर बताया कि पुत्री प्रियांगी गंगवार (23) 5 नवंबर 2014 को दोपहर 2 बजे धर्मकांटा स्थित एक आई हास्पिटल से दवा और फाइनेंस कंपनी राजेन्द्रनगर में रुपये लेने की बात कहकर घर से स्कूटी से गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। मामले की विवेचना में प्रियांगी गंगवार के फोन की कॉल डिटेल के आधार पर इमरान रजा खां का नाम प्रकाश में आया था।

पूछताछ में आरोपी इमरान ने पुलिस को बताया कि प्रियांगी का शव टेंपो से ले जाकर ग्राम तिलियापुर के पास मिट्टी में दबा दिया था।

पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 17 नवंबर 2014 को अटा बिलवा मार्ग पर किला नदी के समीप गड्ढा खोदकर शव बरामद कर लिया था। पुलिस ने 25 नवंबर 2014 को इमरान रजा खां को रिमांड पर लेकर ग्राम बीरपुर उर्फ कासिमपुर के समीप गन्ने के खेत से स्कूटी, मोबाइल, सोने की चेन आदि सामान बरामद किया था। मामले में शासकीय अधिवक्ता ने 15 गवाह पेश किए थे।

# अफसरों की मेहरबानी...59 साल से चरागाह की जमीन पर हो रही थी खेती

अनुपम सिंह, बरेली

- करोड़ों की कीमत की 17 बीघा जमीन का गलत तरीके से किया गया पट्टा
- नवाबगंज के ढेलाटांडा का मामला जिला बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी की जांच में हुआ खुलासा

**अमृत विचार :** नवाबगंज तहसील क्षेत्र के ढेलाटांड गांव में 59 बरसों से चरागाह की 17 बीघा जमीन पर कब्जा कर खेती करने का खुलासा हुआ है। मामले की जांच में राजस्व विभाग और चकबंदी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत सामने आई है। जिला बंदोबस्त अधिकारी ने जांच रिपोर्ट के आधार पर अपनी कोर्ट में मामले की सुनवाई करते हुए अवैध कब्जे को निरस्त कर दिया है। जिला बंदोबस्त अधिकारी ने चकबंदी आयुक्त को मामले की रिपोर्ट भेज दी है। इस मामले में लापरवाही बरतने वालों पर आयुक्त के स्तर से कार्रवाई की जाएगी।

जिला बंदोबस्त अधिकारी पवन सिंह की कोर्ट ने आदेश दिया कि 1965 में राजस्व अधिकारियों ने साठगांठ कर चारागाह की करोड़ों की कीमत की करीब 17 बीघा जमीन का ढेलाटांडा गांव निवासी बांधूराम के नाम पट्टा कर दिया, जबकि नियम है कि चरागाह की जमीन न पट्टा की जा सकती है और न किसी के नाम। पट्टा कराने के बाद बांधूराम ने पट्टे की जमीन अपने नाम कराने की कोशिश की। इसके लिए एसडीएम कोर्ट में गए। कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दी मगर फर्जी पट्टा फिर भी निरस्त नहीं हो सका। वर्ष 1997 में गांव में चकबंदी हुई तो बांधूराम ने चकबंदी कोर्ट में वाद दायर किया। बताते हैं कि मामला विचाराधीन होने के दौरान बांधूराम की मौत हो गई। आरोप है कि इस बीच चकबंदी अधिकारी नंदराम मौर्य ने फर्जी पट्टा होने के बाद भी बांधूराम के पुत्रों जगदीश, नरेंद्र, लालता प्रसाद, गया प्रसाद के नाम जमीन दर्ज करते हुए वरासत भी कर दी थी।

> 1997 में चकबंदी के दौरान बांधूराम के पुत्रों के नाम चरागाह की जमीन करने और वरासत करने वाले चकबंदी अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। कब्जे से मुक्त कराई जमीन चरागाह के नाम वापस हो गई है। तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी है। **-पवन सिंह**, जिला बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी

### डीएम से शिकायत के बाद शुरू हुई जांच

पिछले महीने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार से इस मामले की शिकायत की गई थी। उन्होंने जिला बंदोबस्त अधिकारी को जांच सौंपी। इसके बाद जिला शासकीय अधिवक्ता की ओर से जिला बंदोबस्त अधिकारी की कोर्ट में मामले को लेकर अपील कराई गई। इस पर अलग-अलग तारीखों में सुनवाई की गई। कोर्ट ने कब्जे को निरस्त करते हुए जमीन को चरागाह में फिर से वापस कर दी है।

## इलाज कराने को कहा तो पति ने घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में महिला ने पति पर यौन संबंध बनाने में अक्षम होने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जब उसने पति से इलाज कराने के लिए कहा तो उसके साथ मारपीट की। ससुराल वालों ने उसपर जेठ के साथ संबंध बनाने का दबाव डाला। विरोध करने पर दहेज में 10 लाख रुपये की मांग करते हुए घर से निकाल दिया। महिला की शिकायत पर बिथरी पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला ने बताया कि 20 फरवरी 2023 को उसका विवाह भमोरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुआ था। पिता ने शादी में करीब साढ़े चार लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के बाद पता चला कि पति यौन संबंध बनाने में अक्षम है, तब उसने इलाज कराने को कहा। इस पर पति, ससुर, सास, तीन जेठ और तीनों जेठानी गाली गलौज व मारपीट करने लगे। पति ने कहा कि पहले अपने पिता से एक लाख रुपये लेकर आओ तो इलाज कराएगा।

# सेंट्रल जेल से रिहा हुआ बाहुबली धनंजय सिंह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- काफिले में शामिल रहीं काले रंग की सभी 26 गाड़ियां

**अमृत विचार :** जौनपुर के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह को बुधवार सुबह 8:15 बजे सेंट्रल जेल से जमान पर रिहा किया गया। जिसके बाद धनंजय अपने समर्थकों के साथ 26 गाड़ियों के काफिले के साथ जौनपुर के लिए रवाना हो गया। काफिले में शामिल सभी गाड़ियां काले रंग और 9777 नंबर की थीं। जेल से रिहा होते ही समर्थकों ने नारेबाजी की।

बता दें कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में सात साल की सजा सुनाई गई है। उसे पिछले शनिवार को जौनपुर जिला जेल से बरेली की सेंट्रल जेल में ट्रांसफर किया गया था। उसकी जमानत शनिवार को ही हाईकोर्ट से हो गई थी लेकिन कागजात बरेली जेल प्रशासन को न मिलने से उसकी रिहाई नहीं हो सकी थी। बुधवार की सुबह जेल प्रशासन को उसके रिहाई के कागजात मिले। जिसके बाद उसे रिहा कर दिया गया।



इस दौरान धनंजय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उस पर मुकदमे राजनीति के तहत दर्ज कराए गए हैं। उसने कहा कि उसकी पत्नी श्रीकला रेड्डी बसपा से जौनपुर लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। वह यहां से जौनपुर जाएंगे। जेल डीआईजी कुंतल किशोर ने बताया कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह को रिहाई के कागजात मिलने पर बुधवार सुबह रिहा कर दिया गया।

## ईंट पजाया से मॉडल टाउन तक सिरफिरे ने बरसाए पत्थर, कई घायल

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में ईंट पजाया चौराहे से लेकर मॉडल टाउन तक बुधवार शाम को एक सिरफिरे ने जमकर उत्पात मचाया। ईंट और पत्थर फेंक कर कई लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। घटना शाम करीब पांच बजे की है। ईंट पजाया चौराहे पर युवक ने एकाएक लोगों पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। पहले उसने ई रिक्शा पर ईंट मारी। इसमें एक महिला घायल हो गई। कुछ आगे चलकर बाइक और कार पर पत्थर फेंके। अधिवक्ता और कार सवार बाल बच बच गए। मॉडल टाउन तक उसने करीब 12 लोगों पर पत्थर फेंके। राहगीरों ने उसे पकड़ लिया। मॉडल टाउन चौकी पर लेकर गए।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, 1.8 लाख भी हड़पे

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र की महिला ने युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत एसएसपी कार्यालय में की है। जनसुनवाई कर रहे रहे अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बुधवार को एसएसपी कार्यालय में पहुंची पीड़िता ने बताया कि उसका पति से न्यायालय में विवाद चल रहा है। न्यायालय में आने-जाने के दौरान उसकी मुलाकात उस युवक से हुई, जो अपनी बहन के मुकदमे के सिलसिले में न्यायालय आता था। उसने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने शादी से मना कर दिया। आरोपी ने 1 लाख 80 हजार रुपये भी हड़प लिए।

### महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

**आंवला, अमृत विचार :** एक महिला ने एक युवक पर पर गाड़ी में खींचकर बैठाने और रिश्तेदारी में ले जाकर कई बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की हैं। महिला ने बताया कि उसकी शादी करीब पांच वर्ष पूर्व हुई थी, उसका पति मेहनत मजदूरी करता है। मंगलवार दोपहर एक व्यक्ति ने उसे खींचकर गाड़ी में बैठा लिया और इनायतपुर गांव अपनी ननिहाल ले गया। उसने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।

## यूपीएससी में चयन पर शोहम टेबड़ीवाल का अभिनंदन

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार :** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. प्रमेन्द्र महेश्वरी के आवास पर बुधवार देर शाम बैठक हुई, जिसमें वैश्य समाज ने यूपीएससी में 77 वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन करने वाले शोहम टेबड़ीवाल का अभिनंदन किया।

प्रदेश के कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल और गन्ना मंत्री संजय सिंह गंगवार ने शोहम की उपलब्धि पर खुशी जाहिर की। मंत्री और वक्ताओं ने कहा कि शोहम की यह सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक होगी। इस मौके पर पीलीभीत नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, शिव कुमार माहेश्वरी, अग्रिम गुप्ता, डॉ. मोहित अग्रवाल, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. अंकित गुप्ता, प्रदीप गोयल , अशोक गोयल, सीए योगेश अग्रवाल , सीए विजय गोयल, पल्लव अग्रवाल, स्वदेश लड्डा, योगेश माहेश्वरी, डॉ. विकास वर्मा, डॉ. विमल भारद्वाज, वैश्य महासभा के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी के आवास पर आयोजित बैठक में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, गन्ना मंत्री संजय सिंह गंगवार, डॉ. केशव अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



डॉ. प्रमेन्द्र के आवास पर हुआ कार्यक्रम।

### पुलिस ने तमंचा लहराने वाले बरेली के युवक को पकड़ा

**बिलसंडा, अमृत विचार :** बिलसंडा थाना पुलिस ने शादी की दावत में तमंचा लहराकर फायरिंग करने वाले बरेली के युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा भी बरामद कर लिया है।बता दें कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो सप्ताह भर पहले वायरल हुआ था। वायरल वीडियो को लेकर बताया गया था कि करली क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर में एक ग्रामीण के यहां आयोजित शादी की दावत में युवक ने तमंचे से फायरिंग करते वीडियो बनाया है। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस भी हरकत में आई और आरोपी बरेली जिले के थाना भुता क्षेत्र के ग्राम टड़वा निवासी ज्ञान सागर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### जमानत लेने के बदले दबंग मांग रहा रंगदारी

**बरेली, अमृत विचार :** गन्ना समिति से यूरिया खाद लेने वाले ने जमानत लेने वाले पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। बहेड़ी के याकूबपुर निवासी पूरनलाल ने बताया कि उन्होंने गन्ना समिति से खेती के लिए यूरिया खाद ली थी। इसके लिए गांव के ही एक व्यक्ति ने जमानत ली थी। अब जमानती व्यक्ति उनसे रुपये मांग रहा है। आरोपी कहता है कि वह रुपये जमा कर देगा। पीड़ित ने बताया कि आरोपी गन्ना समिति के कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों के साथ उनके घर जाकर बच्चों को धमकाता है।

### लिंक खोलते ही खाते से उड़ गए 99 हजार

**बरेली, अमृत विचार :** लिंक खोलते ही युवक के खाते से 99 हजार रुपये उड़ गए। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया है। बारादरी के कटरा चांद खां निवासी रोहित ने बताया कि उनका बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पुराना शहर में खाता है। 27 अप्रैल को उनके मोबाइल पर अलग अलग नंबरों से कॉल आई। इसके बाद यूपीआईडी का लिंक आया। लिंक खोलते ही खाता से 99 हजार 181 रुपये कट गए। पीड़ित ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** विद्यालय से मंगलवार को लौटते समय बरेली-पीलीभीत हाईवे पर बकैनिया चौराहे पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने शिक्षक की बाइक को रौंद दिया, उन्हें इलाज के लिए बरेली के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां देर रात मौत हो गई।

हाफिजगंज का सरफुद्दीन अंसारी (30)एक निजी विद्यालय में पढ़ाते थे। मंगलवार शाम को वह बाइक से हरहरपुर मटकली की ओर से आ रहे थे कि बकैनिया चौराहे पर हाईवे को पार करते समय बरेली की ओर से तेज गति में आ रही उत्तराखंड डिपो की बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गया। चौराहे पर मौजूद लोगों ने उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। जवान बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और जिसने भी सुना वह शिक्षक के घर की ओर दौड़ पड़ा। शिक्षक का 1 वर्षीय पुत्र, पत्नी, माता-पिता को रोता बिलखता छोड़ गए।

## पूर्व प्रधान ने पुलिस से की पेड़ काटने की शिकायत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव याकूबगंज के पूर्व प्रधान ने गांव के ही चार लोगों पर रंजिशन पापुलर के 550 पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पूर्व प्रधान के अनुसार गांव चका की आराजी में स्थित अपने खेत में उन्होंने बीते साल पापुलर के 650 पेड़ लगाए थे। मंगलवार रात को नबावगंज के एक अस्पताल में एक मरीज को भर्ती कराकर कार से लौट रहे थे। रास्ते में कुछ लोग बंके और डंडे लिए दिखाई दिए। जैसे ही कार की लाइट पड़ी, वे खेतों में भागे। जानकारी के अभाव में उस समय तो वे घर आकर सो गये। बुधवार को खेत पर जाकर देखा तो 550 पेड़ कटे पड़े थे।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

**APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES**

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf)

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
**KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE**
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Where there is Rural Wellbeing there is Universal Prosperity · Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# गवाहों की सूची के बगैर चार्जशीट दाखिल कर फंसे नवाबगंज थानाध्यक्ष और सीओ

## न्यायालय ने दोनों को पेश होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लूट की कोशिश और आर्म्स एक्ट मामले में नवाबगंज पुलिस ने अदालत में बगैर गवाहों की सूची के चार्जशीट दाखिल कर दी। इस पर स्पेशल जज फॉस्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने नाराजगी जताई है। उन्होंने थानाध्यक्ष नवाबगंज राजकुमार शर्मा और सीओ हर्ष मोदी से स्पष्टीकरण मांगा है।

पुलिस ने वर्ष 2023 में थाना क्षेत्र के केशव और उसके साथियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। अदालत ने सीओ और थानाध्यक्ष को भेजे नोटिस में लिखा है कि आरोप पत्र देखने से स्पष्ट है कि गवाहों की सूची को नहीं दर्शाया गया है जो कि सीआरपीसी की धारा 204 के प्रावधानों का उल्लंघन है। ऐसा प्रतीत होता है कि थानाध्यक्ष अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया गया और न ही उन्हें विधिक जानकारी है। 4 मई को लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें कि क्यों न उनके विरुद्ध दंडात्मक एवं विभागीय कार्रवाई की जाए। वहीं सीओ को भेजे नोटिस में में उल्लेख किया कि विवेचना का उचित पर्यवेक्षण नहीं किया गया है, जिस तरह से पेशी क्लर्क की ओर से अभिलेख आपके समक्ष प्रस्तुत किए, उस पर मात्र अपने हस्ताक्षर कर इति श्री कर ली। इस बाबत 6 मई को स्पष्टीकरण पेश करें कि क्यों न उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए शासन को अवगत कराया जाए। आदेश की कॉपी एसएसपी को भी भेजी गई है।

### गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन बरी

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** गैर इरादतन हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने संदेह का लाभ देते हुए तीन आरोपियों को बरी कर दिया। अधिवक्ता चंद्रपाल सिंह ने आरोपियों का पक्ष रखा। अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव सूदनपुर मील निवासी अमर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 अप्रैल 2012 की शाम उनका भाई राजवीर बैठक में लेटा था। सुबह जब वह वहां गए तो वह नहीं मिला। तलाश करने पर वह पड़ोस में ही प्रधान के टैंक में घायल अवस्था में मिला। राजवीर ने बताया कि उसे कल्लू, सुरेंद्र और गेंदे उर्फ गेंदनलाल ने पीटा है। ट्रायल के दौरान अमर सिंह और घायल राजवीर सिंह मुकर गए और चोट सांड़ के हमले से लगना बताई। इसी का लाभ देते हुए न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने आरोपियों बरी कर दिया।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी वापस करेगी ग्राहक की रकम

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** क्राउन -9 रेजीडेंसी विकसित करने के नाम पर झांसा देने के मामले में स्टेडियम रोड स्थित कंपनी के मालिक को ग्राहक को रकम छह प्रतिशत ब्याज सहित वापस करनी होगी। इस संबंध में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी और सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने कंपनी को आदेश दिए हैं। अधिवक्ता पप्पू मौर्य ने बताया कि नाइन प्लेनेट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा .लि . कंपनी ने विकसित कॉलोनी की विशेषताएं बताकर मकान और प्लॉट बुक कराने के लिए प्रचार किया था। इस पर भरोसा कर जयेंद्र शेखर गुप्ता निवासी अंवतिका सिटी ने 5 लाख 29 हजार 275 रुपये जमा कर दिए। प्लॉट का अलॉटमेंट कराने की बात पर कंपनी के मालिक अंशुमान सक्सेना टालमटोल करने लगे। 12 जनवरी 2023 को जब वह कॉलोनी की साइट देखने गए तो पता चला कि वहां वासुदेव सिटी नाम से कॉलोनी बनी है। इस पर जयेंद्र ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद दायर किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग के अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी व सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने आदेश दिया है कि कंपनी 24 फरवरी 2023 से अदाएगी की तिथि तक छह फीसदी ब्याज के साथ उपभोक्ता को रकम वापस करेगी। साथ ही एक लाख रुपये शारीरिक मानसिक क्षतिपूर्ति और खर्चा मुकदमा दस हजार रुपये भी ग्राहक को लौटाएगी।

## विवादित जमीन में निर्माण को लेकर चले लाठी-डंडे

**मीरगंज, अमृत विचार :** विवादित जमीन पर निर्माण कार्य रोकने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पीड़ित पक्ष ने तहरीर देकर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। सुनीता निवासी ग्राम परराई के नाम आवास स्वीकृत हुआ है। उसके पति मोहन स्वरूप ने आवास निर्माण कराने को बुधवार सुबह रेता मंगवाया। रेता लेकर गाड़ी आने पर गांव के कुछ लोगों ने विरोध किया। रेता गाड़ी से नहीं उतरने दिया। इसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट में एक पक्ष के छत्रपाल, मांगा देवी, महेश एवं दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष के मोहन स्वरूप, तारावती, एवं अनमोल भी घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को अलग कर दिया। ग्रामीण घायलों को उठाकर थाना शाही ले गए। पुलिस ने छत्रपाल की तहरीर पर गुलाबी राम मोहन स्वरूप तुलसीराम और दिनेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पक्षों में ग्राम समाज के खाद के गड्ढे को लेकर विवाद काफी दिनों से चला आ रहा है।

# प्रसव के बाद नर्स ने मांगे पैसे, ऑडियो वायरल

संवाददाता, शीशगढ़

**अमृत विचार :** शीशगढ़ सीएचसी पर प्रसव के बाद सुमनलता नाम की स्टाफ नर्स ने महिला के पति से 4 हजार रुपये की मांग की, जिसका ऑडियो वायरल हो रहा है।

गिरधरपुर निवासी अरविंद कुमार की पत्नी शालिनी ने सोमवार को सीएचसी पर एक बेटी का जन्म दिया। इसके बाद सुमनलता नाम की स्टाफ नर्स ने उसके पति से रुपयों की मांग की, वायरल ऑडियो में महिला का पति पैसे देने की बात कह रहा है तो नर्स पूछती है कि कितने हैं, युवक कहता है कि एक हजार है, नर्स कहती है यह रख लो तुम, लड़की हो गई है कंजूसी मत करो। आप देख रहे हो कि कितनी दवा लगा दी। युवक कहता है की दवा तो सब बाहर से ही आई है। इसके बाद नर्स कहती है कि अभी तो और भी आएगी। वह एक हजार रुपये लेने को तैयार नहीं होती है, तो युवक कहता है कि 4000 ही देने पड़ेंगे। नर्स कहती है कि वो तो मजाक की बात थी आप 2100 ही दे दीं।

सीएचसी पर प्रसव के साथ ही दवा की सुविधा मुफ्त में होती है, इसके बाद भी उगाही होती हैं। स्टाफ नर्स सुमनलता का कहना है कि मैंने किसी से रुपया नहीं मांगा है, न ही किसी ने कोई रुपया दिया है। सीएचसी प्रभारी डॉ. गजेंद्र सिंह का कहना है कि ऑडियो की जानकारी मिली है। अभी किसी ने कोई शिकायत नहीं की है फिर भी ऑडियो के हिसाब से जांच कराई जा रही है। किसी को कोई शिकायत है तो लिखित शिकायत करें।उचित कार्रवाई की जाएगी।

## मलेरिया का प्रकोप: चेना मुरारपुर में दो महीने में 12 मरीज मिले

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** एक ओर जिले में तेजी से मलेरिया के नए मरीज मिल रहे हैं, दूसरी ओर गांवों में संचारी रोगों से बचाव के दावे दम तोड़ रहे हैं। संवेदनशील गांव चेना मुरार में मलेरिया के चार मरीज सामने आए हैं। अगर जिम्मेदारों ने सुध नहीं ली तो मलेरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ेगा। जिला मलेरिया अधिकारी ने गांव में एंटी लार्वा, नालियों की सफाई, एसीएस एक्टिविटी का निरीक्षण किया है। बुधवार को जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार बिथरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गांव चेना मुरारपुर पहुंचे, उन्होंने मच्छरों से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। पूरे गांव में पिछले दो माह में करीब 550 लोगों की मलेरिया की जांचे की जा चुकी है, जिसमें 12 लोगों में मलेरिया की पुष्टि हुई है। जिसके बाद गांव में दहशत में फैल गयी है। गांव की नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं, उनमे मच्छरों के लार्वा पनप रहा है, इसके बाद भी जिम्मेदार सफाई नहीं करा रहे हैं। इस गांव में पिछले वर्ष 50 तो उससे पिछले साल 20 लोगों में मलेरिया की पुष्टि हुई थी। वहीं ग्रामीणों ने गांव में सफाई न होने की बात कही थी। इस साल भी 12 लोगों में मलेरिया की पुष्टि होने से गांव में दहशत फैल गयी है। वहीं इस मामले में डॉ. विवेक कुमार, प्रभारी चिकित्सा का कहना है कि तीन बार शिविर लगवाकर जांचे करवाई गई हैं। गुरुवार को भी शिविर लगाया जाएगा।

# मेढ़ के विवाद में युवक को मारी गोली, चार लोगों पर रिपोर्ट

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** मेढ़ के विवाद में दबंगों ने खेत में पानी दे रहे युवक को गोली मार दी, घायल को मरा समझकर आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसे भर्ती कराया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम धोरेरा निवासी उल्फत सिंह लिखाई रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा वीरेश बुधवार सुबह खेत में पानी दे रहा था। इसी दौरान गांव के ही सुधीश, कुलदीप, हरदीप, मनदीप खेत पर पहुंचे और मेड़ को लेकर विवाद करने लगे, इसी बीच कुलदीप ने जेब से तमंचा निकालकर वीरेश को जान से करने के नियत से फायर कर दिया। गोली वीरेश के बाएं हाथ की कोहनी के पास लगी, जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। आरोपी उसे मरा समझकर मौके से फरार हो गए । उल्फत सिंह ने बताया कि उन्हें और उनके परिवार को आरोपियों से जान माल का खतरा है । पुलिस ने तहरीर आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दोनों पक्षों के बीच पहले से भी जमीनी विवाद चल रहा है।

## फर्जी इकरारनामा कर युवक को ठगा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** प्लाट का फर्जी इकरारनामा कर युवक से ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर के सिठौरा निवासी रिंकू सिंह ने बताया कि इसाइयों की पुलिया निवाासी नेहा जैकब ने उन्हें बताया कि कटरा चांद खां में उनका प्लॉट है, जिसे वह बेचना चाह रही हैं। सौदा तय होने पर उन्होंने 29 जनवरी 2021 को इकरारनामा करा लिया। उन्होंने उसे करीब डेढ़ लाख रुपये दे दिए। 29 नवंबर 2021 को बैनामा कराने पर दोनों पक्ष सहमत हुए थे। जब बैनामा कराने को कहा तो वह टालमटोल करने लगीं। रजिस्ट्री कार्यालय से पता चला कि जिस जमीन का इकरारनामा कराया है। वह उसकी नहीं है। रुपये मांगने पर आरोपी ने झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने नेहा जैकब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिंकू ने बताया कि नेहा के खिलाफ रंगदारी मांगने, मारपीट जैसे तीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

# लोगों को गंदा पानी पिला रहे हैं नगर पंचायत के फ्रीजर

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार :** एक वर्ष पूर्व लोगों को गर्मी में ठंडा पानी मुहैया कराने के लिए नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन सूरजपाल मौर्य ने जगह-जगह फ्रीजर लगवाए हैं, जो कुछ दिन बाद ही खराब हो गए किसी ने उसके फील्टर को निकाल दिया, जिससे गंदा पानी आने लगा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कस्बे में लगे सभी फ्रीजरों की स्थिति



फ्रीजर से निकल रहा गंदा पानी।

ऐसी हैं। सूत्रों के अनुसार कस्बे में लगे फ्रीजरों की सर्विस नहीं हुई है जिस कारण गंदा पानी आ रहे हैं। वार्ड नंबर एक के सभासद पति मुनेंद्र गौतम ने बताया की मार्च में फ्रीजरों की सर्विस हुई है, ठेकेदार ने बताया कि उसने सभी फ्रीजर के फील्टर बदल दिए हैं, यदि ऐसा नहीं किया है तो मामले की जांच कराई जाएगी।

इस मामले में अधिशासी अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कराकर सर्विस कराई जाएगी, ताकि लोगों को ठंडा पानी मिलता रहे।

## सार-संक्षेप

### भाजपा में हुए शामिल प्रधान और बीडीसी सदस्य

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव गुप्ता के कार्यालय पर बुधवार को 12 से अधिक वर्तमान, पूर्व प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने छत्रपाल सिंह गंगवार की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। छत्रपाल गंगवार ने सभी को पटका पहनाकर स्वागत किया। वहीं मंगलवार को ग्राम दियोरिया अब्दुल्लागंज के पूर्व प्रधान ताहिर हुसैन व अन्य ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली थी।

### घर में चोरी छिपे पशु वध कर रहे चार लोगों पर रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला टांडा में अकरम के मकान में चोरी छिपे मवेशी का वध किए जाने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी तो आरोपी दीवार कूदकर भाग गए। पुलिस ने थैलों में भरे मांस और एक मवेशी के कटे सिर को दफन कराने के बाद फरार आरोपी अकरम, मोज्जम, नाजिम और हाजिम के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

### श्रमिक दिवस : छात्रों ने कर्मचारियों को किया सम्मानित



**मीरगंज, अमृत विचार :** बीडीएम पब्लिक स्कूल में बुधवार को छात्रों ने विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों पर पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया। छात्रा नवनीत कौर ने श्रमिकों के महत्त्व को समझाया। प्रिंसिपल नमिता दीक्षित ने कहा कि सफाई कर्मचारी हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाते हैं, उनका सम्मान जरूरी है। कर्मचारियों को उपहार भी दिए गए। वाइस चेयरमैन अचल मिश्रा ने मजदूर दिवस पर कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोई भी कर्मचारी हो उसकी इज्जत की जाए,अनावश्यक उसे परेशान नहीं किया जाए।

### महिला की मौत के मामले में दहेज हत्या की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मंगलवार रात को मौत हो गई थी। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना कैंट क्षेत्र के परगवां के रहने वाले जसवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन लता की शादी साल 2020 में फरीदपुर थाना क्षेत्र के पचौनी गांव के रिंकू से की थी। आरोप है कि दहेज के लिए लगातार रिंकू समेत ससुराल पक्ष के लोग प्रताड़ित करते थे। विरोध पर उसकी बहन के साथ मारपीट कर घर से निकालने की धमकी देते थे। साथ ही एक लाख रुपये दहेज में लाने का दबाव बनाते थे। जसवीर ने आरोप लगाया कि मंगलवार रात उसके पास फोन आया कि उसकी बहन की मौत हो गई है।

### पोलिंग बूथ में मोटर लगा रहे प्लंबर की करंट से मौत

**भमोरा, अमृत विचार :** पोलिंग बूथ के लिए समर्सिबल पंप लगा रहे प्लंबर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। ग्राम देवचरा निवासी नेमचंद सक्सेना (35) प्लंबर का काम करता है बुधवार दोपहर ग्राम प्रधान खेड़ा में सिंचाई विभाग की कोठी में बनने वाले पोलिंग बूथ पर पानी की व्यवस्था के लिए समर्सिबल लगा रहा था। इसी दौरान करंट लगने से वह बेहोश हो गया, अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। नेमचंद की मौत की सूचना पर मां भूरी देवी पत्नी शदावती का रो -रोकर बुरा हाल हो गया, नेमचंद को पांच लड़की एक लड़का है।

### पुलिस ने शीशगढ़ में निकाला फ्लैग मार्च



**शीशगढ़, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में कोई गड़बड़ी न हो, इसलिए इंस्पेक्टर शीशगढ़ रविंद्र कुमार ने फोर्स के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने लोगों से कहा कि सभी अपने मत का प्रयोग जरूर करें, किसी के बहकावे में न आकर स्वतंत्र रूप से मतदान करें। अगर कोई धमकाता है तो उसकी सूचना उन्हें तुरंत दें। किसी भी अफवाह का शिकार न हों। खुरापातियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी,खुरापात करने बालों को किसी भी कीमत बख्शा नहीं जाएगा।

### विद्यालयों में नए बच्चों के प्रवेश पर जोर

**फतेहगंज पूर्वी , अमृत विचार :** स्कूलों में बुधवार को हुई प्रबंध समिति की बैठकों में मतदाता जागरूकता अभियान समेत नए बच्चों के नामांकन पर जोर दिया गया। बिलपुर में प्रधानाध्यापक मुकेश चौहान ने समिति के सदस्यों और अभिभावकों से 7 मई को मतदान करने की अपील की। साथ ही नए प्रवेश कराने पर जोर देते हुए समिति के सदस्यों से सहयोग करने की अपील की। ग्राम सिमरा हरचंद सिंह में इंचार्ज प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा ने समिति के सदस्यों से स्कूल में बच्चों की उपस्थिति प्रतिशत बढ़ाए जाने पर सहयोग की अपील की। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय शाहपुर बनियान में सुनील शुक्ला ने सिपहिया गौटिया में अरुण तोमर ने निवड़िया में अर्पणा शर्मा, कामरान खान ने फतेहगंज पूर्वी में गोपाल जायसवाल ने बैठक का संचालन कर समिति के सदस्यों से सहयोग करने की अपील की।

### चोरी की बाइक के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर पुलिस ने खेमू नगला तिराहे से साजिद निवासी ग्राम औरंगाबाद थाना फरीदपुर, आजिम निवासी करेली सुभाष नगर, तौफीक पुत्र मुख्तयार निवासी करेली को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा। ई चालान से पता चला कि बाइक मालिक ने बिथरी चैनपुर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया।

### देवर पर लगाया छेड़खानी और मारपीट का आरोप

**देवरनियां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी शादी चार माह पहले पीलीभीत के एक युवक से हुई थी। शादी के बाद से उसका देवर उस पर बुरी नजर रखता हैं। पीड़िता ने अन्य ससुरालियों से इसकी शिकायत की तो उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। इसके बाद वह मायके में रह रही हैं। 25 अप्रैल को उसका देवर उसके मायके आ गया और छेड़खानी करने लगा, शोर मचाने पर उससे मारपीट की। पड़ोसियों ने आकर उसे बचाया। पुलिस ने तहरीर पर पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है,आरोपी जल्दी गिरफ्तार होंगें।

### दबंग ने किसान की फसल में लगाई आग

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** एक दबंग ने किसान कटी हुई फसल में आग लगा दी, जिससे 15 बीघा की फसल जलकर राख हो गई, दरअसल किसान ने आरोपी के ट्रैक्टर थ्रेसर से गेहूं निकलवाने से मना कर दिया था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। क्योलड़िया क्षेत्र के गांव ताजपुर के रामस्वरूप ने अपने 15 बीघा गेहूं काटकर इकट्ठे किए थे। थ्रेसर से निकलवाने का इंतजार कर रहे थे तभी गांव का चंद्रकेश आया और बोला मेरे ट्रैक्टर थ्रेसर से अपने गेहूं निकलवा लो। उसने मना कर दिया तो आरोपी ने उसकी 15 बीघा गेहूं की इकट्ठी फसल में आग लगा दी, जिससे पूरी फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। देर शाम तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### मीरगंज में 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**मीरगंज, अमृत विचार :** शाही पुलिस ने बुधवार को 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शाही पुलिस ने बुधवार सुबह 10 :05 बजे ग्राम तुरसा पट्टी के खेतों से वांछित आरोपी अंबा प्रसाद निवासी ग्राम तुरसा पट्टी को गिरफ्तार कर लिया। वह दो मुकदमों में फरार चल रहा था। 1 अप्रैल 2018 को आसपाल निवासी ग्राम तुरसा पट्टी का चचेरा भाई योगेंद्र कुमार (22) दोपहर में घर से साइकिल से बाल कटाने के लिए गांव चकदाह के लिए निकला था। रात को घर वापस नहीं आया तो उसके परिवार के सदस्यों ने आसपास के खेतों में तलाश किया तो अगले दिन उसकी लाश गांव से करीब एक किलोमीटर पूर्व दिशा में उसी के गन्ने के खेत में मिली थी। शाही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस मामले में अंबा प्रसाद की संलिप्ता सामने आई थी।

### डिजिटल भारत : 21 छात्रों को कंप्यूटर बांटे

**शेरगढ़,अमृत विचार :** सरकार की डिजिटल भारत मिशन योजना के अंतर्गत हर घर ई-साक्षर कार्यक्रम के तहत राजीव गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन संस्थान की ओर से 21 छात्र- छात्राओं को नि :शुल्क कंप्यूटर दिया गया। बुधवार को कस्बे के टंकी चौराहा स्थित ग्लोबल टेक कंप्यूटर एजुकेशन सोसाइटी कार्यालय पर आयोजित नि :शुल्क डेस्कटॉप कंप्यूटर वितरण थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा ने आरंभ किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि आरबी डिग्री कालेज की प्राचार्या प्रियंका मिश्रा और लाज पत राय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि आज सरकार डिजिटल तकनीक को बढ़ावा दे रही है।

